पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस–विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 एवं एन0बी0डब्ल्यू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार ।

दिनांक–17-03-2023

दिनांक 16/17–03–2023 को रात्रि थाना बीकेटी 01, थाना कृष्णानगर 01, थाना पारा 05 एन0बी0डब्लू0 में थाना इटौंजा 01, थाना बाजारखाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 07 एवं एन0बी0डब्ल्यू0 में 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना चौक–दिनांक 17.03.2023 को थाना चौक द्वारा बताया गया कि वादी श्री राम सागर पुत्र श्री दीनदयाल निवासी–459/371 मोहनी पुरवा हुसैनाबाद थाना चौक लखनऊ ने थाना चौक पर सूचना दिया कि दिनांक 14.03.2023 को वादी अपना जीएसटी फाईल कराने अपनी एक्टिवा सफेद रगं गाड़ी नं0 यूपी 32 जेजे 9014 से समय करीब 08.30 बजे रात में रोहित कपूर एड0 के चैम्बर कंचन मार्केट भगवानदास एण्ड सन्स की दुकान के सामने अपनी गाड़ी खड़ी करके चैम्बर में गया था। और करीब 15 से 20 मिनट बाद वादी बाहर आया तो देखा तो वादी की गाड़ी वहां नहीं थी। वादी ने आस–पास काफी खोजबीन किया पर गाड़ी का पता नहीं चला। वादी की गाड़ी जिसमें सभी प्रपत्र आरसी, इन्श्योरेंस व अन्य जरूरी कागजात व 22,000/–रूपये नगद थे, को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना चौक पर मु0अ0सं0 60/2023 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना कृष्णानगर–दिनांक 17.03.2023 को थाना कृष्णानगर द्वारा बताया गया कि लोकबन्धु श्री राज नारायण संयुक्त हॉस्पिटल थाना कृष्णानगर लखनऊ द्वारा थाना कृष्णानगर पर एक मेमो इस आशय को भेजा गया कि दिनांक 16.03.2023 को समय करीब 10.15 बजे रात्रि को बृजेश यादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व0 जगरूप यादव निवासी–परसारी खेड़ा थाना पारा लखनऊ को इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री हिमांशू तिवारी मो0नं0 7985955046 थाना कृष्णानगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि बृजेश यादव उपरोक्त रेलवे पटरी क्रास करते समय किमी0 सं0–8क पोल सं0–7 से 5 के बीच में निकट जयपुरिया स्कूल के पास किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गये। मृतक एयरपोर्ट लखनऊ में प्राइवेट नौकरी करता था। मृतक के एक लड़की है।

थाना गोसाईगंज–दिनांक 17.03.2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री रामनरेश कासिमपुर बिरूहा थाना गोसाईगंज लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 17.03.2023 को वादी अपनी मोटरसाइकिल से अपने पिता की जांच कराने हेतु गोसाईगंज जा रहा था कि रास्ते में नवाब अली पुरवा मजरा कासिमपुर विरूहा के सामने सुलतानपुर रोड पर पीछे से आ रहे डम्पर नं0 यूपी 35 एटी 4017 के चालक द्वारा डम्पर को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर वादी की उक्त मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया, जिससे वादी के पिताजी रोड पर नीचे गिर गये और उक्त डम्पर का पहिया वादी के पिताजी के सिर को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे वादी के पिता राम नरेश उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र मैकू की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर थाना गोसाईगंज पर मु0अ0सं0 112/2023 धारा 279/337/338/304ए भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**